हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार, 10 जनवरी 2024

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

11 अवैध कब्जा की शिकायत पर विधायक ने कहा- तत्काल...



12 ग्राम जिडार में राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा...





# मृत व्यक्ति के नाम पर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत, दूसरे ने बना लिया आशियाना

## संकल्प यात्रा में उठा मृत व्यक्ति के आवास निर्माण का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

- ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव ने दिया आवास बनाने का आदेश

भाजपा सरकार द्वारा गांव - गांव चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा में तरह-तरह के मामले सामने आ रहे हैं ऐसे में एक बार फिर विवादों में घिरे रहने वाले ग्राम पंचायत रजनकटा में लगभग 4 साल पहले एक मृत व्यक्ति के आवास निर्माण को लेकर शिकायत की गई है हालांकि ग्राम पंचायत रजनकटा पहले से ही अपने विभिन्न कारनामों की वजह से विवादों में रहता है वही लगभग 14 -15 सालो से कुंडली जमाए बैठे पंचायत सचिव द्वारा मृत व्यक्ति के आवास निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया की ग्राम पंचायत में बहुत ही गड़बड़ झाला हो रहा है। मृत व्यक्ति का आवास निर्माण हो रहा है तो गौठान में ट्रांसफार्मर सिफ्टिंग में भी नियम विरुद्ध पैसा लेन- देन कर हटाया गया है। हैरानी की बात यह है कि ग्राम के एक मृत व्यक्ति को आवास योजना का लाभ मिल रहा है।

**नियम के विपरीत किया गया आवास निर्माण-** उसका जिओ ट्रैकिंग या तो रोजगार सहायक करेगा या फिर जनपद से कोई कर्मचारी आ के करेगा।वर्तमान में आवास मित्रों को जिओ ट्रैकिंग जैसे कार्य से शासन द्वारा नहीं कराया जा रहा है सभी को हटा दिया गया है। यह आवास मित्र आज भी कार्यरत है। इस मेट के ऊपर प▶▶|शेष पेज 10 पर



### जांच कर की जाएगी कार्रवाई

आरएस ध्रुव सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा की पता करवाता हूँ। मृत व्यक्ति के नाम से अगर आवास आया है और उसको किसी दूसरे व्यक्ति के घर में बनाया गया है तो ओ गलत है। उसकी जांच कर उसके ऊपर कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप



### विधायक ने धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाने सीएम को सौंपा मांग पत्र

**राजिम।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर किसानों की मंशा से अवगत कराया। विधायक रोहित साहू ने मुख्यमंत्री को मांगपत्र सौंपकर कहा कि वर्तमान विपणन सत्र में धान खरीदी 31 जनवरी तक निर्धारित है। इस तय तिथि में धान खरीदी पूर्ण करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि किसानों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए चालू विपणन वर्ष में धान खरीदी की समय सीमा 15 फरवरी तक बढ़ाया जाए। विधायक रोहित साहू ने मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश प्रसारित करने व दो वर्षों की बोनस राशि प्रदान करने के लिए किसानों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

### पालिका के सीएमओ संतोष कल दिल्ली में होंगे पुरूस्कृत

**नवापारा-राजिम।** 11 जनवरी को दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के पुरूस्कार के लिए नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा का चयन हुआ है। वे आज 10 जनवरी बुधवार को फ्लाइट से दिल्ली के लिए रवाना हो रहे है। मालूम हो कि इस पुरूस्कार के लिए राज्य के 46 नगर निगम,नगर पालिका,नगर पंचायत के सीएमओ का नाम सामने आया है जिसमें नवापारा शहर के सीएम श्री विश्वकर्मा भी शामिल है। जानकारी के मुताबिक स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत पुरूस्कार वितरण समारोह भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर आईटीपीओ नई दिल्ली में आयोजित किया गया है। इस समारोह में राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मु के हाथो सीएमओ संतोष विश्वकर्मा पुरूस्कृत होंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य एवं निकायो को राष्ट्रीय पुरूस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के पुरूस्कार के लिए चयनित होने एवं नगर को गौरवान्वित करने पर सीएमओ संतोष विश्वकर्मा को शहरवासियो ने शुभकामनाएं दी।



### जोगीडीपा में कबड्डी प्रतियोगिता 12 से

**छुईहा बेलर।** स्वामी विवेकानंद युवा संगठन ग्राम जोगीडीपा के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती एंव राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में 12 जनवरी से एक द्विवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता रखा गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले के लिए आयोजन समिति द्वारा आकर्षक इनाम रखा गया है। अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने कहा प्रथम पुरस्कार 10000, द्वितीय पुरुस्कार 7000, तृतीय पुरस्कार 5000, चतुर्थ पुरुस्कार 3000 के अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को विशेष पुरूष्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम के शुभारंभ एंव पुरूस्कार वितरण समारोह में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि शामिल होने की अनुमति मिली है।

### हादसे में एक घायल

**महासमुंद।** बागबाहरा में जनपद कॉलोनी के सामने एक व्यक्ति ट्रक की टक्कर से घायल हो गया। प्रार्थिया नेहा सिंह पिता अविनाश सिंह (27 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि ट्रक क्र सीजी 04 एनजे 6571 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसके पिता को ठोकर मार दी। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## तैयारी : नवापारा के किनारे नेहरू घाट का पूर्व ओएसडी ने किया अवलोकन

# राजिम में 22 को दीपोत्सव : 1 लाख दीपों से जगमगाएगा त्रिवेणी संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- अयोध्या में 22 को रामलला होंगे विराजमान

22 जनवरी को अयोध्या में रामलला विराजमान होने जा रहा हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील किया हैं कि 22 को अयोध्या में ऐसे ही भीड़ बहुत अधिक होगी अतएव अपने शहरो एवं गांव में भगवान श्रीरामचंद्र जी की पूजा-अर्चना कर दीवाली की तरह दीप जलाकर खुशियां मनाएं। प्रधानमंत्री मोदी के इस अपील का असर छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम में भी देखने को मिल रहा हैं। राजिम में 22 जनवरी को महानदी किनारे 1 लाख दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाई जाएगी। इसमें धार्मिक संस्थाओं के अलावा सारे समाज का योगदान रहेगा। इसकी तैयारी के लिए राज्य के कद्दावर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर पूर्व ओएसडी गिरीश बिस्सा मंगलवार की सुबह राजिम पहुंचे। यहां सबसे पहले उन्होने नवापारा के किनारे नेहरू घाट का अवलोकन किया। इसके बाद वे पंडित जवाहर लाल नेहरू ▶▶|शेष पेज 10 पर





### राजिम कुंभ का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा

पूर्व ओएसडी गिरीश बिस्सा ने यहां पत्रकारो से चर्चा करते हुए बताया कि वे धर्मस्व, संस्कृति, पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर राजिम पहुंचकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया है। इस संबंध में मौजूदा अफसरो को निर्देश दी गई है ये कार्यक्रम शासन के मंशा के अनुरूप बेहतर होगा। बताया कि अधिकारियों के साथ उन्होने त्रिवेणी संगम क्षेत्र महानदी और पैरी नदी के तट किनारो का निरीक्षण किया एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री बिस्सा ने बताया कि धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आह्वान किया है कि इस बार राजिम कुंभ का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। जिसका प्रारंभ 22 जनवरी से ऐतिहासिक दीपोत्सव के साथ किया जाए। त्रिवेणी संगम में एक लाख दीप जलाया जाएगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महानदी की आरती की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे और इस पुण्य काम में अपनी सहभागिता निभाएंगे। श्री बिस्सा ने बताया कि वे यहां व्यापक जनसंपर्क कर सामाजिक संस्थाओं,जन प्रतिनिधियों,राजनैतिक कार्यकर्ताओं और धार्मिक संस्थाओं से भेंट कर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की भावना से अवगत कराया तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए सक्रिय सहयोग मांगा। मालूम हो कि पिछले पांच वर्षों में किसी अधिकारी ने किसी जनता से संपर्क करने की आवश्यकता नही समझी।

### पूरे देश में खुशी का माहौल

नगर पालिका नवापारा के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल ने बताया कि भगवान श्रीराम कई वर्षो बाद अयोध्या में विराजमान होंगे। 22 जनवरी को मंदिर में भगवान श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। इस ऐतिहासिक क्षण का पूरे देश इंतजार कर रहा है। पूरे देश में खुशी का माहौल है। कहा कि छत्तीसगढ़ के संस्कृति, धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल जी किसी भी स्तर से पीछे रहने वाले नहीं हैं। वे हर कार्यों को ऐतिहासिक बनाने में लगे रहते हैं। इस बार राजिम कुंभ मेले का आयोजन होना है। उससे पहले एक बहुत ही अच्छा अवसर मिला है भगवान श्री राम की सेवा करने का। जो मंत्री श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा।

# पुल से गिरे बाइक सवार की नदी में डूबने से मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मंगलवार को दोपहर में पंडित जवाहरलाल नेहरू पुल में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुल में गाड़ियों की जाम लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामला राजिम थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार राजिम पुल में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पुल से गिर गया। पुल के नीचे नदी में पानी होने के कारण बाइक सवार की डूबने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। जिसे काफी मशक्कत के बाद बहाल किया गया। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार बाइक सवार राजिम पुल के बीचों-बीच पहुंचा था। वे मोबाइल से बात करते हुए चल रहा था सामने से गाड़ी आने पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद वे पुल की रेलिंग से टकराकर नीचे गिर गया, जबकि बाइक पुल पर ही रह गया। इस दौरान नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, भाजयुमो नेता मुकुंद मेश्राम किसी काम से जा रहे थे। वे इस घटना को अपने नजरो से देखे वहां रूके और बाइक सवार की मदद करने जुट गए। नवापारा वार्ड नंबर 5 के निवासी विक्की साहू रस्सी बांधकर पुल से नीचे उतर गया, तब तक बाइक सवार की मौत हो चुकी थी। मृतक को ट्युब के सहारे पानी से बाहर निकाला गया। राजिम पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रदीप गुप्ता के रूप में हुई है। वह गरियाबंद पारागांव का रहने वाला है। प्रदीप गरियाबंद के दातार राइस में काम करता था। बताया जा रहा है। मृतक के पास पैसों से भरा एक बैग भी मिला है। जिसे पुलिस ने जब्त कर अपने पास रखा है। फिलहाल राजिम पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बहरहाल इस दुर्घटना की जांच करने में पुलिस लगी हुई है।

# सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर मामले में अब तक नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- कलेक्टर से की शिकायत

ग्राम पंचायत कोपरा के तत्कालीन सचिव के द्वारा सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर मामले में कार्रवाई नहीं करने की शिकायत कलेक्टर जन चौपाल में पहुंचा है। विभागीय जाँच होने के बाद भी अभी तक कोई कानूनी कार्यवाही नहीं हुआ के संबंध में आवेदन दिया गया है। विकास खण्ड फिंगेश्वर में आने वाले ग्राम पंचायत कोपरा में तत्कालिन सचिव जागेश्वर साहू के द्वारा अपने वेतन पत्रक एवं पंचायत के आवेदन प्रस्ताव की प्रतिलिपी में सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर किया था। जिसकी शिकायत आपके कार्यालय में 29 मार्च 2022 को दिया था। दिनांक 18 अप्रैल 2022 एवं 25 अप्रैल 2022 को विभागीय जाँच कर रहे है। करके जनपद पंचायत फिगेश्वर से जॉच टीम रेखराम मोरे, रेखराम साहू, श्री नूतन साहू, अशोक साहू कार्यलय ग्राम पंचायत कोपरा में आकर सभी पंच सभी गवाहों के बीच सभी दस्तावेज ले गये है। लेकिन आज दिनांक तक जनपद पंचायत फिगेश्वर के द्वारा किसी भी प्रकार का कार्यवाही नहीं हुआ है। जॉच प्रतिवेदन में सरपंच के लिए पंचायती राज अधिनियम 1993 के धारा 40 (1) (क) (ख) के तहत कार्यवाही किया जाना उचित प्रतित होता है। जिसे जनपद पंचायत के मुख्य कार्यापालन के द्वारा 4 माह के अंतर्गत माननीय एसडीएम के पास कार्यवाही कर दिया।जबकि उसी जाँच प्रतिवेदन में स्पष्ट रूप से लिखा है कि ग्राम पंचायत कोपरा में उपलब्ध दस्तावेज में सरपंच ▶▶|शेष पेज 10 पर

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**छुरा।** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामला ग्राम रसेला का है जहां दो नाबालिक बहने बिना बताये घर से चली गई थी। परिजनों को नाबालिक लडकियो के घर एवं परिवार में नहीं होने पर खोजबीन किया गया। नाबालिक बालाकाओ का कोई पता नही चलने पर थाना छुरा में रिपोर्ट दर्ज करायी गई। छुरा पुलिस व्दारा नाबालिक के पिता के रिपोर्ट पर धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी प्रवीण भारती के व्दारा संदेही एवं नाबालिक लडकियो के मोबाईल नम्बर के लोकेशन के आधार पर विशेष टीम का गठन कर बैंगलोर कर्नाटक रवाना किया गया। जहां ईट भटटा में मजदुरी कर रहे बालिकाओं को ग्राम ददलापुर बेंगलोर कर्नाटक में दस्तयाब किया गया। संदेही आरोपी टंकेश्वर विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।



# कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जनचौपाल में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले के दूर दराज से आये नागरिकों, ग्रामीणजनों की मांग, समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनचौपाल में आये ग्रामीणजनों को स्थानीय बोली के माध्यम से उनके आवेदन प्राप्त कर उनके नियमानुसार निराकरण करने के बारे में उन्हें अवगत कराया। आज के जनचौपाल में 82 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान नागरिकों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। जनचौपाल में ग्राम लालपुर के डीहूराम निषाद ने काबिज भूमि ▶▶|शेष पेज 10 पर



जनचौपाल में 82 आवेदन हुए प्राप्त

## अवैध धान परिवहन करते अब तक 15 वाहन 38 सौ बोरा धान जब्त

# अवैध धान परिवहन व भंडारण पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 नवंबर 2023 से लगातार की जा रही है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गत दिवस अधिकारियों की बैठक लेकर धान उपार्जन अवधि के दौरान ओड़शिा प्रांत से जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय के लिए आने वाले धान की रोकथाम एवं कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गये हैं। एसडीएम देवभोग अर्पिता पाठक ने बताया कि विगत 3 दिनों में तीन गाड़ियां सहित लगभग 200 पैकेट धान जप्त किया गया है। इनमें दो पिकअप एवं एक ट्रैक्टर शामिल है। उन्होंने बताया कि देवभोग अनुभाग में धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण करने पर अब तक लगभग 3800 पैकेट धान एवं 15 वाहन जप्त कर कार्यवाही की गई है।





### ओडिशा सीमा पर 15 चेकपोस्ट

साथ ही चेकपोस्ट पर चौबीस घंटे ड्यूटी पर लगे अधिकारी-कर्मचारियों की टीम द्वारा वाहनों की सतत जांच की जा रही है। जिसके मद्देनजर अवैध धान के परिवहन एवं भण्डारण में कमी आई है। उन्होंने बताया कि देवभोग अनुभाग में ओडिशा सीमा पर 15 चेकपोस्ट बनाया गया है। इनमें कैटपदर, धूपकोट, नागलदेही,खुटगांव, सागौनभाड़ी, खोकसरा, झिरीपानी, केन्दुबन, कोदोभांठा, उसरीपानी, बरही, अमाड़ मगररोड़ा, पोटापारा एवं ठीरलीगुड़ा शामिल है। जिला प्रशासन द्वारा अन्य प्रांत से आने वाले अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### शराब का परिवहन करते दो लोग पकड़े गए

**महासमुंद।** महासमुंद पुलिस ने जंगल की ओर से शराब के अवैध परिवहन की सूचना पर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बोरियाझर जंगल में दबिश देकर पुरूषोत्तम सारथी पिता देवलाल (45 साल) केशवा एवं उनके साथी को 12375 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 5280 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है एवं उन लोगों के पास से बजाज पल्सर कीमत 80000 रुपए एवं होंडा शाईन कीमत 20000 रुपए और बिक्री रकम 400 रुपए जब्त किया गया है।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### मंत्री बृजमोहन को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** अपनी समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ अधिकारी एवं प्राध्यापक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से सातवें वेतनमान, 'के' डिपॉजिट के एरियर्स का भुगतान, प्राध्यापक से प्राचार्य तथा सहायक प्राध्यापक से प्राध्यापक पद पर पदोन्नति, क्रीड़ा अधिकारी एवं ग्रंथपाल की सेवानिवृत्ति आयु 62 से 65 करने के लिए, एजीपी एवं पेंशन निराकरण शीघ्र करने के लिए ज्ञापन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. अशोक शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. केके बिंदल, डॉ. सुभद्रा राठौर, डॉ. तपेश गुप्ता, डॉ. राजेश शुक्ला, ध्रुव पांडे, रामानंद यादव, विपिन शर्मा, जेएन वर्मा, प्रीति शर्मा, प्रमोद मेने, अजीत हुंडेत, अभया जोगलेकर, रूपेंद्र चौहान, रविंद्र नाथ मिश्रा, रश्मि मिंज, नंदा गुरवारा, वासु वर्मा सहित प्राध्यापक शामिल थे।

### यादव समाज ने किया कैलेंडर का विमोचन



**रायपुर।** जीई रोड स्थित शहीद स्मारक भवन में रविवार को यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसी दौरान छत्तीसगढ़ यादव समाज और प्रगतिशील यादव महासंघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन किया गया। महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि वैवाहिक रिश्ते समागम पूर्व महासंघ के कार्यालय में वर्ष 2024 में किए जाने वाले अभिनव और सकारात्मक सामाजिक सरोकार संबंधी सेवा कार्यों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श हुआ। विमोचन के अवसर पर सुधीर यादव, जितेंद्र बहादुर यादव, अनूप यदु, राजेश यादव, जनक यादव, अशोक यादव, डॉ. ममता यादव, रविंद्र सिंह यादव, सूरज यादव, डॉ. एनपी यादव, तीरथराम यादव, रमेश यादव, जगदीश यादव आदि उपस्थित थे।

### भोईपारा में तीन दिवसीय वर्सी महोत्सव 12 से

**रायपुर।** गुरु नवनाथ मढ़ी भोईपारा में तीन दिवसीय 12 से 14 जनवरी तक धूमधाम से वर्सी महोत्सव मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम नाथ संप्रदाय के योगी महाराज के सानिध्य में होगा, जिसमें संतों की शीतल वाणी एवं भजन-कीर्तन द्वारा सत्संग को निहाल किया जाएगा। भवानी मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि 12 जनवरी को सुबह 10 बजे गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह स्थापना योगी शमशेरनाथ, योगी फूलनाथ एवं योगी किशननाथ के सानिध्य में होगी। साथ ही शाम 4 बजे से कार्यक्रम में ईष्ट आराध्य देव झूलेलाल सांईजी का बहराणा साहेब एवं मशहूर संगीत पार्टी दीपक उदासी का कार्यक्रम होगा। साथ ही आम भंडारा का आयोजन भी रखा गया है।

# केंद्र की योजनाओं से जोड़ने की यात्रा बन चुकी है विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

मंगलवार को शासन द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर मंगलवार को छुरा ब्लॉक के ग्राम नवापारा (कोसमी) में आयोजित हुआ। उक्त शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य केसरी ध्रुव, जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, सरपंच एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष लेखराज ध्रुवा, नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री रामलाल कुलदीप,जनपद सदस्य शांति नागेश,पीलूराम यादव, सीताराम सिन्हा, रमेश सिन्हा, तुलसीराम साहू,आदि शामिल हुए। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है और उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी पात्र हितग्राही सरकारी योजनाओं के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने सभी छग शासन द्वारा 18 लाख आवास की स्वीकृति, महतारी वंदन योजना 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी और दो साल के बोनस आदि का आदेश जारी होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लोगों को अवगत कराया। इस दौरान अतिथियों ने विकसित भारत के संकल्प को लेकर शपथ दिलाया तथा विभागीय स्टालों का निरिक्षण कर यथापात्र हितग्राहियो को शासन की योजनाओं के लाभ आमजनों को दिलाने निर्देशित किया। इस अवसर पर भाजपा अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतुराज शाह, इमरान मेमन फिंगेश्वर ब्लॉक के लफन्दी के सरपंच नेहरू साहू, सिर्रीखुर्द के पूर्व सरपंच विजय कंडरा, मानसिंह निषाद, होरीलाल साहू, हीरालाल साहू, मनोज साहू, किशोर साहू सहित पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामवासी व अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा में कोसम पहुंचे विधायक**





## धान खरीदी : 31 लाख क्विंटल धान की अब तक हो चुकी खरीद

# धान की आवक बढ़ने के साथ ही संग्रहण केंद्र कुण्डेल भाठा में भंडारण आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

धान की आवक बढ़ने के साथ ही खरीद केंद्रों में धान जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इससे निपटने प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। इस कड़ी में खरीद केंद्रों से धान का उठाव परिवहनकर्ताओं के माध्यम से आज से गरियाबंद जिला धान संग्रहण केंद्र कुण्डेल भाठा में 10 जनवरी से कराया जा रहा है। वही क्षेत्र के लगभग 500 से अधिक हेमाल, रेजा, मुंशी इसी के रोजगार चलते रोजी रोटी चलती है। इस बार काफी विलम्ब के बाद भी जिला संग्रहण शुरू नही होने से हेमाल मजदूरो में रोजी रोटी को लेकर चिंता सता रही थी। लेकिन आज से शुरू होने से इन लोगों ने राहत की सांस ली और खुशी जताई है। और मजदुरो ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।



### उठाव नहीं होने से जाम की स्थिति बनी

गरियाबंद जिले के 90 खरीद केंद्रों में एक दिसंबर से धान खरीदी शुरू हुई है। 9 जनवरी तक लगभग 3132414.40 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा खरीदी शुरू होने की तीसरे दिन से ही उपार्जन केंद्रों से राइस मिलरों के माध्यम से 9 जनवरी तक 1971180.80 क्विंटल धान का उठाव कराया जा गया है। 21 क्विंटल 31 सौ रूपये की राह में रहे किसान नया सरकार बनने के बाद से खरीदी केंद्र में ले गए। लेकिन अब केंद्रों में धान की आवक के अनुरूप उठाव नहीं होने से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। गरियाबंद जिले के लगभग 90 फीसद केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक मात्रा में धान खरीदी कर रखा गया है। वर्तमान में धान का नियमित उठाव नहीं से केंद्रों में खरीदी प्रभावित होने की आशंका भी बनी हुई है। कुछ किसान एक बार भी नही बेच पाये है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा केंद्रों से धान उठाव के लिए परिवहनकर्ताओं को ठेका दिया गया है।

### 50 हजार क्विंटल का काटा डीओ

खाद्य विभाग निरक्षक सनाली ठाकुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवहनकर्ताओं ने करीब 1971180.80 क्विंटल धान का उठाव कर लिया है। शेष 1161233.60 क्विंटल धान को परिवहन कर्ताओं द्वारा उठाए गए धान का भंडारण जिले के संग्रहण केंद्रों में 10 जनवरी से किया जा रहा है। गरियाबंद जिला विपणन अधिकारी अमित चन्द्राकर ने कहा की मार्कफेड द्वारा जिला धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेल भाठा के लिए 50 हजार क्विंटल का डीओ भी काटा जा चुका है। चन्द्राकर ने आगे कहा आने वाले दिनों में धान उठाव में और तेजी होगी। वही इस सीजन में 25 लाख क्विंटल धान संग्रहित होने की उम्मीद है। वही कुण्डेल भाठा में धान को सुरक्षित रखने साफ सफाई, स्टेक बनाने,बिजली पानी, सुरक्षा, स्टाप,हेमाल मुशी,का पुख्ता इंतजाम किया जा चुका है। वही इसी सुचारू व्यवस्था को लेकर कुण्डेल भाठा प्रभारी दीपक कौनौजे, परिवहनकर्ता संदीप कोटक हेमाल दर्शन यादव, कान्हा, भगवान, परमेश्वर गन्धर्व शिवकुमार, धनी सिन्हा, खेलन ध्रुव, सेवा, गोपी सिन्हा, किर्तन पटेल, अनुप, दशरथ, जेठू सहित 41 टोली के 410 लोगों ने समन्वय बैठक रखी।

# नक्सली कैंप पर पुलिस का धावा सामान छोड़कर भागे नक्सली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले की मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी के ऊपर नक्सली कैंप को ध्वस्त करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखंड के मटाल पहाड़ी पर डेरा जमाए नक्सलियों के कैंप को सुरक्षा बल के जवानों ने ध्वस्त कर दिया है। बता दें कि नक्सली कैंप की सूचना पर सी आर पी एफ ई 65, डीआरजी व सीआरपीएफ की टीम ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान कैंप पर हमला से पहले डेरा छोड़ नक्सली भाग निकले।

गरियाबंद पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले को मिली तकनीकी जानकारी के आधार पर आज भालूडीगी के नजदीक मटाल के पास नक्सली कैंप को ध्वस्त करने में जिला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। डीआरजी कमांडेट वी के सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस बल की ई 30, सीआरपीएफ 65 बटालियन साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया। कुल्हाड़ीघाट कैंप से 15 किमी ऊपर पहाड़ों की खड़ी चढ़ाई कर जवान सीधी मुकाबला के लिए पहुंच गए। तब कैंप में मौजूद 25 से 30 नक्सली मौजूद थे।

कैंप में फायर से पहले ब्लास्ट की आवाज सुनकर नक्सली चौकन्ना हो गए. जवानों के साहस के आगे माओवादी बिना मुकाबला किए मैदान छोड़कर भाग खड़े हुए। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद अमित तुकाराम कांबले ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कैंप से किराना सामान, छाता, ठंड के कपड़े, पिठ्ठु बैग,साहित्य व बर्तन समेत दैनिक उपयोगी सामान जब्त किया गया है।

# विधायक मिश्रा ने किया चैंबर प्रीमियर लीग का शुभारंभ



- सुभाष स्टेडियम में 8 से 20 जनवरी तक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुभाष स्टेडियम में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित चैंबर प्रीमियर लीग का शुभारंभ रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्रिकेट में भारत की जान बसती है। खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने प्रीमियर लीग का आयोजन एक अच्छी पहल है। इसके लिए श्री मिश्रा ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका मनोबल भी बढ़ाया।

राजधानी के सुभाष स्टेडियम में 8 जनवरी से 20 जनवरी तक चैंबर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत विधायक पुरंदर मिश्रा के हाथों की गई। इस मौके पर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी सहित चैंबर के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत किया।

अपने उद्बोधन में पुरंदर मिश्रा ने कहा, जीवन में खेल का स्थान बेहद महत्वपूर्ण है। खेल की वजह से ही आपसी सद्भावना और भाईचारा बढ़ता है। यही नहीं, अंजान लोगों से भी पहचान बढ़ती है। इसीलिए जीवन में खेल का होना बेहद जरूरी है।

इस मौके पर चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अयोध्या पहुंचा छत्तीसगढ़ का चावल जवाफूल से बनी खीर का लगेगा भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आयोजन से लेकर तीन माह तक श्रद्धालुओं के लिए जारी रहेगा प्रसाद

अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में ननिहाल छत्तीसगढ़ से भेजा गया चावल पहुंच चुका है। 22 जनवरी को भगवान राम अयोध्या में अपनी जन्मभूमि में पुनः स्थापित होंगे, तब उन्हें छत्तीसगढ़ के जवाफूल चावल से बने खीर का भोग लगाया जाएगा।

अयोध्या में 15 से 22 जनवरी तक भव्य आयोजन के साथ ही रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। आयोजन से शुरू होने वाला प्रसाद वितरण लगातार 3 महीने तक आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जारी रहेगा। छत्तीसगढ़ से भेजे गए चावल का इसमें इस्तेमाल किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि भगवान राम को 22 जनवरी को जो पहला भोग लगाया जाएगा, उसमें छत्तीसगढ़ के चावल से बना भात और खीर शामिल होगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 30 दिसंबर को वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर परिसर से 300 मीट्रिक टन चावल से भरे 11 ट्रकों को झंडी दिखाकर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रवाना किया था।

### ट्रक ड्राइवरों ने पहना भगवा कुर्ता

राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि सैकड़ों साल के इंतज़ार के बाद अब भगवान राम अपने जन्मस्थान पर पुनः विराजेंगे। इस पुण्य अवसर पर छत्तीसगढ़ के सभी मिलर्स ने राज्य के अलग-अलग इलाकों में पैदा होने वाली अलग-अलग वैरायटी के चावल की व्यवस्था कर अयोध्या धाम भेजा था, जो वहां पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि सभी ट्रक ड्राइवरों ने अयोध्या प्रवेश के पहले भगवा वस्त्र धारण किए।

साथ ही उन्होंने राम मंदिर के लिए बनाए गए भंडार गृह में पूरी भक्तिभाव के साथ चावल अर्पण किया। मंदिर प्रबंधन ने उन्हें राम मंदिर के दर्शन कराकर उन्हें रामलला की भोगप्रसादी दी, जिससे वे काफी खुश और खुद को भाग्यवान भी मान रहे हैं।

# गौरवपथ से राजातालाब निवासियों के लिए रास्ता खोलने कलेक्टर से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- गौरवपथ से सीधा भगतसिंह चौक घूमकर आने-जाने में असुविधा
- वार्ड पार्षद आकाश तिवारी के साथ रहवासियों ने जनदर्शन में लगाई गुहार
- रांग साइड आने-जाने पर भरना पड़ रहा चालान

पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के रहवासियों को गौरवपथ से राजातालाब क्षेत्र में आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अपने गंतव्य तक आने-जाने के लिए गौरवपथ से सीधा भगतसिंह चौक घूमकर जाने वाला रास्ता तय करना होता है। ऐसे में गौरवपथ में डिवाइडर से एक रास्ता राजातालाब निवासियों के लिए खोलने की मांग जिला कलेक्टर से की गई है।

नगर निगम के एमआईसी सदस्य और पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद के साथ राजातालाब के रहवासियों ने सोमवार को जनदर्शन में जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर को बताया कि वार्डवासियों को गौरवपथ से अपने घर आने-जाने भगतसिंह चौक से घूमकर जाना पड़ता है। यदि गौरवपथ में डिवाइडर से रास्ता बस्ती वालों के लिए खोल दिया जाए, तो इससे हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने बताया, राजातालाब बस्ती के रहवासियों के लिए गौरवपथ के पास से रास्ता नहीं होने से यहां पर रांग साइड का 2 हजार रुपए से लेकर 5 हजार रुपए तक का चालान आ रहा है। इससे वार्डवासियों को काफी आर्थिक परेशानियां हो रही हैं। प्रभावित इलाके में बड़ी संख्या में लोग लंबे समय से रह रहे हैं, ऐसे में जनता को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखकर जल्द से जल्द रास्ता निकाला जाए।

वार्डवासियों ने जिला कलेक्टर को अपनी परेशानियों से अवगत कराते हुए वार्ड पार्षद के साथ मिलकर ज्ञापन दिया।

# बदमाशों के खिलाफ मुहिम चलाकर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- सौ से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

अपराध पर अंकुश लगाने एसएसपी के निर्देश पर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर सौ से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनमें से आठ लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट तथा सौ से ज्यादा लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार 14 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से 52 लीटर देशी तथा 12 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। इसी तरह से आठ लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से साढ़े 12 किलो गांजा तथा 840 नाइट्रोसेन टेबलेट के साथ 10 अन्य प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की गई है। मादक पदार्थ की अवैध बिक्री करने वालों की पुलिस ने चार दोपहिया जब्त की है। पुलिस ने कुल 182 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल दाखिल किया है।

## पेज 9 के शेष...

### मृत व्यक्ति के नाम...

पूर्व में ग्रामीणों से हजारों रुपया आवास के नाम पर वसूलने का आरोप भी लग चुका है। नियम के विपरीत मृत व्यक्ति का आवास निर्माण करवा दिया। ओ भी अन्य व्यक्ति के घर में जबकि उसके राशन कार्ड में उसका कोई उत्तराधिकारी नहीं होने की बात सामने आ रही है। मामला को तुल पकड़ते देख जनपद से आया अधिकारी ने जांच करने की बात कही पर जनपद के जांच केवल दिखावे के लिए होता है क्योंकि इस मृत व्यक्ति के आवास निर्माण में जनपद जनप्रतिनिधि का हाथ भी बताया जा रहा है जो अपने करीबियों को योजना के लाभ दिलाने के लिए नियमों को दरकिनार कर ऐसा करने मे सहयोग देता है।

**आवास के लिए दर -दर भटकने मजबूर-** वही इस पर ग्राम रजनकटा के कुछ ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ऐसे भी कुछ लोग है जिनके परिवार को 2 से 3 आवास मिला हुआ है। जिनका पक्का मकान है। उसका भी आवास बन गया वहीं 80-90 साल के मृत बुजुर्ग व्यक्ति का आवास मिल गया और जिंदा व्यक्ति अपनी पारी का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन किसी गरीब और असहाय विधवा महिला जिसका गाँव मे सबसे जर्ज़र मकान है जिसकी उम्र लगभग 65-70 साल हो जाने के वावजूद आवास के लिए उसे दर दर भटकना पड़ रहा है। अभी तक उसका आवास नही बन सका है। ऐसे ही ग्राम मे और बहुत जरूरत मंद लोग है जिनके पास टूटा - फूटा, छोटा - छोटा कच्चा मकान है जिनको अपने परिवार के साथ गुजर बसर करने मे बड़ी दिक्कते होती है।

### राजिम में 22 को...

पुल होकर राजिम के महोत्सव स्थल पहुंचे। यहां महानदी की स्थिति को देखा। श्री बिस्सा के साथ

नवापारा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष रेखा सोनकर के प्रतिनिधि जितेन्द्र सोनकर, पूज्य सिंध पंचायत के अध्यक्ष अनिल जगवानी, वरिष्ठ पत्रकार द्वय रमेश पहाड़िया, श्यामकिशोर शर्मा, भाजयुमो नेता मुकुंद मेश्राम के अलावा नवापारा नगर पालिका के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, संतोष पवार, राजिम सिंचाई विभाग के एसडीओ श्री चंदेल, इंजीनियर कुलदीप बंजारे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। श्री बिस्सा ने अफसरो से चर्चा करते हुए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल जी के मंशा से उन्हे अवगत कराया। कहा कि बहुत ही भव्य रूप में 1 लाख दीप प्रज्जवलित कर रोशन किया जाएगा। 22 जनवरी को पूरे देश में भगवान श्री रामचंद्रजी के प्रतिमा स्थापना के दिन दीपावली की तरह खुशियां मनाई जाएगी। समूचे राजिम एवं नवापार शहर सहित पूरे क्षेत्र में अभी से लोग तैयारी में जुट गए है। अपने घर आंगन के सामने रंगोली लगाएंगे और बिजली के झालरो से रोशनी के अलावा दिए जलाकर आतिशबाजी की जाएगी।

### सरपंच के फर्जी...

का हस्ताक्षर एवं शिकायत पत्र में सरपंच के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज से सरपंच के हस्ताक्षर में समतुल्य नही पाया गया है। जोकि प्रथम दृष्टया फर्जी प्रतीत होता है। और फर्जी हस्ताक्षर प्रमाणित करने के लिए दस्तावेज को हेण्ड राईटीग एक्सपर्ट के पास प्रेषित करने का सुझाव दिया गया था। लेकिन जाँच टीम और जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा जानबूझ कर सभी दस्तावेज दबाकर रखा दिया है। कार्यवाही रिपोर्ट मांगने पर जॉच टीम अधिकारी जनपद सीईओ के नाम लेकर टाल देते है। पता नहीं क्यो जांच टीम अखिर दोषी भ्रष्ट अधिकारी को बचाना चाहते है। ग्राम पंचायत कोपरा के सरपंच ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत फिंगेश्वर एवं जॉच टीम अधिकारीयों के विरूद्ध जाँच कर फर्जी हस्ताक्षर करने वाले तत्कालिन सचिव जागेश्वर साहू के ऊपर तत्काल उचित कानूनी कार्यावाही करने मांग किया है।

### कलेक्टर ने जनचौपाल...

पट्टा प्रदान करने, ग्राम अकलवारा के समस्त ग्रामवासियों ने शिक्षक की व्यवस्था हेतु, ग्राम कसेरू के डोमेश्वर सिन्हा एवं ग्राम पाण्डुका के कृष्णुराम चक्रधारी ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, ग्राम डोंगरीगांव की दशरी बाई ने भूमि प्रदान करने, ग्राम दुतकैंया की जामवंतीन साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान दिलाने, ग्राम करकरा के सरपंच ने व्हील चेयर उपलब्ध कराने, ग्राम छिंदौला की बिसाहीन बाई कंवर ने सर्वे सूची में अपना नाम जुड़वाने एवं पीएम आवास प्रदान करने, ग्राम गनियारी के विशेष पिछड़ी कमार परिवारों ने वन पट्टा प्रदाय करने, ग्राम नांगझर के माधवदास ने शौचालय निर्माण कराने जैसे संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को पात्रता अनुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### ग्रामवासियों ने संतों से लिया आशीर्वाद

**मुड़ागांव(कोरासी)।** जनकल्याण व विश्व शांति के लिए 1 जनवरी से नागा दरबार मुड़ागांव में पं.गोविंद दिलीप आचार्य महाराज के सानिध्य में शिव महायज्ञ का आयोजन किया गया था। जिसका मंगलवार को ग्राम भैरा में बारात निकाली गई। जिसमें समस्त ग्रामवासियों ने पूजा -अर्चना कर संतो से आशीर्वाद लिया। जिसमें प्रमुख रूप से भुगेश यदु, नंदकुमार यदु, रितेश यदु, कृत यादव, तीरथराम, संतोष दीवान, चोवाराम पटेल, सुदामा सिन्हा, जय प्रकाश तिवारी, आचार्य संत श्री मारुतिनंदन जिला प्रचारक राष्ट्रीय परिषद गरियाबंद उपस्थित थे।

### प्रीतम को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय छुरा द्वारा प्रीतम को इतिहास विषय के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में कलचुरी कालीन प्रशासनिक एव आर्थिक जीवन का ऐतिहासिक अध्ययन विषय पर



डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान किया गया है। शोधार्थी ने बताया कि कलचुरी वंश ने छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक समय तक शासन किया है। इनकी प्रशासनिक और आर्थिक स्थिति काफी मजबूत थी और उनके इस व्यवस्था को कुछ सुधार के साथ अपनाकर वर्तमान में हमारी व्यवस्था पर लागू करने से हमारी प्रशासनिक और आर्थिक स्थिति को और मजबूत बनाया जा सकता है। वर्तमान में इतिहास विषय के अध्ययन एवं ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण करना आवश्यक है। ऐसे विषय पर शोध होने से ऐतिहासिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस शोधकार्य को पूर्ण करने में उनके शोध निर्देशक डॉ. आशा रानी दाश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्हें पीएचडी उपाधि मिलने पर उनके परिवारजनों, मित्रों तथा गुरुजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

### श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर घर-घर पहुंचा रहे आमंत्रण

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में होने वाले रामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण बेमचा के घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। प्रतिदिन 1 जनवरी से शाम 4 से 7 बजे ग्राम के प्रमुख स्थानों में विराजित देव मंदिरों में सभी समाज के श्रद्धालुओं को एकत्र कर कीर्तन भजन सत्संग आरती पूजा का क्रम चल रहा है। विजय महामंत्र राम जय राम जय जय राम एवं रामचंद्र कृपालु गज मनहरण भव भय दारुणम के पाठ के साथ प्रारंभ करते हैं। महिला मंडल द्वारा मेरे घर आएंगे राम भजन भक्ति भाव से प्रस्तुत किया जाता है। खंड प्रभारी द्वारिका चंद्राकर व रमेश चंद्राकर द्वारा संक्षिप्त जानकारी दी जा रही है। 22 जनवरी को प्रातः 11 से 1 बजे से ग्राम के गोवर्धन पहाड़ के नीचे प्राण प्रतिष्ठा समाज को दिखाएंगे। 2 बजे भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। शाम को प्रत्येक घर में दीपक जलाकर दीपावली जैसा उत्सव मनाएंगे। शाम 8 से 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में द्वारिका चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, भारत निषाद नरोत्तम साहू, कुबेर ।महिला टीम से भोजा साहू, पूर्णिमा साहू, द्रोपती साहू, नीरा, उषा साहू आदि का सहयोग रहा ।

# विकसित भारत व पीएम जनमन योजना का गंभीरतापूर्वक करें क्रियान्वयन

## कलेक्टर अग्रवाल ने समय सीमा की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में पदभार ग्रहण करने पश्चात आज समय सीमा की पहली समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों से विभागीय कार्यों की जानकारी ली। साथ ही शासन द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा और पीएम जनमन योजना सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इन योजनाओं का जिले में गंभीरता पूर्वक क्रियान्वयन किया जाए। सभी अधिकारी कर्मचारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करे। उन्होंने इन योजनाओं में सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विभिन्न विभागों में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली। उन्होंने लंबित प्रकरणों को तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएफओ मणिवासगन एस, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, एडीएम अविनाश भोई सहित एसडीएम और विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद रहे।

**शिविर के बारे में ली जानकारी-** समय सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत अब तक आयोजित किए जा चुके शिविर के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी शिविरों में अधिक से अधिक ग्रामीणों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।



### दायित्वों का तय सीमा पर पूरा करें

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समय सीमा की समीक्षा बैठक में आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की आवश्यक तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने 26 जनवरी की सभी जरूरी तैयारियां समय बद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने विभागों को दिए गए दायित्वों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही समारोह स्थल की अच्छे से तैयारी साफ सफाई, साज सज्जा, परेड, स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित झांकियों की प्रस्तुति की भी तैयारी अच्छे से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परेड में शामिल होने वाले पुलिस विभाग के जवान, एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट गाइड के सदस्यों के साथ कोटवार एवं वन विभाग के अमलो को भी शामिल करने के निर्देश दिए।

## संकल्प यात्रा पहुंची कोपरा : विधायक ने योजनाओं का लाभ देने मौजूद अधिकारियों को दिया निर्देश

# अवैध कब्जा की शिकायत पर विधायक ने कहा- तत्काल अपात्र लोगों को करें बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव गरियाबंद जिले के सबसे बड़े गांव कोपरा पहुंचा था। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू कोपरा पहुंचे हुए थे। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने आम जनता की मांग संबंधी आवदेन पर गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए शासन की योजनाओं का लाभ देने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक रोहित साहू शिकायत संबंधी आवदेन पर पर काफी तल्ख लहजे में जनपद सीईओ फिंगेश्वर पर भड़क उठे। हुआ यह कि विधायक श्री साहू को अटल व्यवसायिक परिसर के एक व्यापारी ने अटल व्यवसायिक परिसर की जर्जर हालत का हवाला देते हुए मरम्मत कार्य के लिए आवेदन दिया जिस पर विधायक श्री साहू ने इस संबंध में ग्राम पंचायत कोपरा के सचिव किशन साहू से जवाब मांगा तो उन्होंने बताया कि अटल व्यवसायिक परिसर में अनाधिकृत लोगो ने कब्जा जमाया हुआ है और अधिकांश व्यपारी किराया राशि का भुगतान नहीं कर रहे हैं। ग्राम पंचायत कोपरा के सचिव द्वारा दिए गए जानकारी पश्चात विधायक रोहित साहू ने सीईओ जनपद पंचायत फिंगेश्वर को सख्त लहजों में हिदायत देते हुए अनाधिकृत लोगो के कब्जे से दुकान खाली करने एवं किराया राशि वसूली करने निर्देश दिए हैं। श्री साहू ने कहा कि वास्तविक लोगों को अटल व्यवसायिक परिसर में रोजगार के लिए दुकान उपलब्ध करे और सभी दुकानों का तत्काल मेंटनेंश कार्य भी करे।







### पीएम उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर मिला : इंद्राणी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविरों में मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत हितग्राही केन्द्र सरकार की योजनाओं से हुए लाभ के बारे में जानकारी दे रहे हैं। ग्राम सुरसाबांधा की इंद्राणी साहू ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि मुझे पीएम उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर मिला है। पहले मिट्टी के चूल्हे खाना पकाती थी लेकिन अब गैस सिलेंडर में खाना पका रही हूँ। इससे समय की बचत होती है और जल्दी खाना भी बन जाता है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। इसी तरह विभिन्न लाभान्वित हितग्राहियों ने अपना अनुभव साझा करते हुए शासन-प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### योजनाओं का लाभ उठाएं

कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचितों और अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रहे हैं।कहा कि ग्रामीणों में ऐसे व्यक्ति जो शासन की योजना से अब तक वंचित रह गए थे। उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। और कहा कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार अवश्य उठाएं। साथ ही उन्होंने कोपरा में अटल परिसर के आबंटन को निरस्त कर गरीब बेरोजगार युवाओं को देने के लिए ग्राम पंचायत कोपरा को भी निर्देश दिए। पंचायत प्रस्ताव कर नियम से आबंटित करें।

### योजनाओं से लोगों को किया गया लाभान्वित

सरकार की योजनाओं को आम जनता तक ले जाने भारत संकल्प यात्रा शुरू किया गया है। शासन की योजना से वंचित ग्रामीणों को योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा सहांडा चौंक कोपरा में आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान शासन के सभी विभागों का स्टॉल लगाए गए थे। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर शिविर लगाकर आम। लोगों को योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड,किसान समान निधि,उज्ज्वला गैस योजना के तहत गैस चूल्हा का वितरण किया गया। पूर्व सांसद चन्दू लाल साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याण योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ राम कुमार साहू, जिलाउपाध्यक्ष किसान मोर्चा कमलेश साहू, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, चन्दन साहू, रूपनारायण साहू, सरपंच योगेश्वरी साहू, जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, दिलीप वर्मा, झाडू तारक, महेत्तर यादव, बसन्त पटेल, फिरंगी पटेल, लक्ष्मी पटेल, गोपी पटेल, विघा साहू, खिलेश्वर गोस्वामी, झामन साहू, भारती साहू, नीरा तारक, राधा तारक आदि।

### सेजेस बसना की टीम राष्ट्रीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के लिए बैंगलोर रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिले के सेजेस बसना स्कूल की बारहवीं कक्षा की छात्रा वैतला साई प्रसन्ना, सानिया दानी और सहयोगी शिक्षिका संयुक्ता प्रधान 9 जनवरी 2024 को बैंगलोर की ओर रवाना हुए, जहां वे डेल टेक्नोलॉजी एवं नीति आयोग द्वारा आयोजित भारत के टॉप 30 शीप्रेन्योर प्रोजेक्ट के स्टूडेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम में शामिल होंगे। पिछले दिनों इस स्कूल के छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट को नीति आयोग और अटल इनोवेशन मिशन ने टॉप 30 शीप्रेन्योर प्रोजेक्ट में शामिल किया। इस पर पूरी टीम को 10 जनवरी से 13 जनवरी 2024 तक बेंगलुरु में स्टूडेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम में भाग लेने का आमंत्रण मिला है। इस शानदार मौके पर छात्राओं को टेक्नीशियन और मार्केटिंग गुरुओं के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जो उन्हें प्रौद्योगिकियों में सुधार करने और उनके प्रोजेक्ट की मार्केटिंग की गहराईयों को सीखने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा तथा उन्हें विभिन्न तकनीकी नौकरीयों में सफलता प्राप्त करने में मदद करेगा। इस प्रोजेक्ट ने न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी उच्च स्तरीय पहचान प्राप्त की है और इससे छात्राओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार में रुचि बढ़ाने का सुनहरा अवसर मिला है।

# जीवन में नशा से परहेज करने का लें संकल्प : विधायक साहू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जिले के छुरा प्रखंड की कमार भुन्जिया आदिवासी बाहुल्य ग्राम जुनवानी में नव निर्वाचित विधायक रोहित साहू ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय क्षेत्रीय सेवा केंद्र एवं रास्ट्रीय सेवा योजना इकाई कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीम विधायक रोहित साहू ब्रह्माकुमारीज़ स्थानीय सेवा केंद्र खड्मा की प्रभारी ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी, कचना धुरुवा महाविद्यालय का प्राचार्य डां. दिनेश कुमार साहू, रास्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी आरआर कुर्रे, ग्राम सरपंच कामनी ध्रुवा, ग्राम पटेल राम भरोषा ठाकुर, एवं क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति अभियान रथ को भी रवाना किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह अभियान एक प्रेरणा है। हम सब अपने जीवन में नशा से परहेज करने का संकल्प लें। नशा सिर्फ बीड़ी, सिगरेट और शराब का ही नहीं, बल्कि आज के युवाओं को मोबाइल का भी नशा दिग्भ्रमित कर रहा है। ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने कहा कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा मार्च में मेमोरेंडम साइन किया गया। ब्रह्माकुमारी वर्षो से अपनी सेवा दे रही है और भारत को नशा मुक्त बनाने में सरकार के द्वारा जो जिम्मेदारी मिली है, उसे हम सब पूरा करेंगे। विधायक रोहित साहू ने शिविर स्थलों का अवलोकन किया एवं शिविर के माध्यम से निःस्वार्थ भाव किये जा रहे जन हितैसी कार्यों की प्रशंशा किये। साथ ही ब्रह्माकुमारीज़ की स्थानीय सेवा केंद्र एवं कचना धुरुवा महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं की राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए सात दिवसीय अभियान के सफलता की कामना की।

### 22 को अवकाश घोषित करने की मांग

**महासमुंद।** अयोध्या में भगवान राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए महासमुंद जिले में भी सर्व समाज में अपार खुशी देखी जा रही है। सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू एवं सांसद प्रतिनिधि पवन साहू ने 22 जनवरी के इस शुभ दिन को अवकाश दिवस घोषित करने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। उन्होंने कहा कि भगवान राम हमारे आराध्य देव हैं। इसलिए यह महामहोत्सव है, जिसका आनंद केवल एक दिन में नहीं लिया जा सकता। यह ऐतिहासिक अवसर पर हमारी भावना है कि 20 जनवरी शनिवार से लेकर 26 जनवरी शुक्रवार तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा एवं गणतंत्र दिवस तक राष्ट्रीय महामहोत्सव सप्ताह के रूप में मनाया जाए। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से 22 जनवरी को अवकाश दिवस घोषित किया जाए। साथ ही उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है।

### सौर उर्जा स्ट्रीट लाइट का बेहतर उपयोग...



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शासकीय प्राथमिक शाला के सामने मैदान में सौर उर्जा से संचालित होने वाले स्ट्रीट लाईट लगाई गई है। यह बेहतर साबित हो रहा है, साप्ताहिक बाजार के दिन देर रात तक इस स्ट्रीट लाईट का फायदा लोगों को मिल रहा है।

# 22 को खत्म होगा 500 साल का इंतजार, फिर मनाएंगे दिवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

श्रीराम मंदिर उद्घाटन दिवस को ऐतिहासिक दीपावली के रूप में मनाने एवं विधानसभा चुनाव की समीक्षा के लिए भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक सोमवार को विधायक डॉ संपत अग्रवाल के निज निवास नीलांचल भवन में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, बूथ प्रभारियों व बड़ी संख्या कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि हम सभी के मेहनत एवं सहयोग से बसना विधानसभा में विधायक एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाने में कामयाब रहे। इस विधानसभा चुनाव में महतारी



वंदन का महत्वपूर्ण योगदान है। जिसके बदौलत बड़ी संख्या मातृशक्तियों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। 500 वर्षों के बाद हमारे आदर्श भगवान श्रीराम का मंदिर बनकर तैयार हुआ है, जिसका उद्घाटन आगामी 22 जनवरी को होने जा रहा है। दीपावली वैसे तो हम सभी हर साल मनाते हैं, पर इस 22 जनवरी को 500 साल बाद फिर एक बार ऐतिहासिक दीपावली मनाएंगे। हम सभी को श्रीराम मंदिर उद्घाटन समारोह को लेकर उत्साहित एवं तैयार रहकर पूरे क्षेत्रवासियों को लाइव टेलीकास्ट दिखाने में योगदान देना है। आगामी लोकसभा चुनाव भी नजदीक आ रही है, इसलिए सभी को मिलकर प्रयास करते हुए 400 से ज्यादा सीट की पूर्ण बहुमत हासिल कर सरकार बनानी है। भाजपा सरकार में देश सुरक्षित है, भारत के दुश्मनों पर सर्जिकल स्ट्राइक हुआ, धारा 370 हटा, महिलाओं को राजनीति सहित हर क्षेत्र में 33 प्रतिशत का आरक्षण मिला। केंद्र की भाजपा सरकार से पूरा देश खुशहाल है।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : मो. 9406004581
बिलासपुर : मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## संकुल स्तरीय नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का प्री टेस्ट हुआ

**महासमुंद।** शिक्षक विनय कुमार यादव ने बताया बच्चों को नवोदय विद्यालय में चयन के लिए संकुल के शिक्षकों के साथ मिलकर अपने अपने विद्यालय में निरंतर प्रयास कर रहे हैं। संकुल भवन छपोराडीह में संकुल स्तरीय नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा फ्री टेस्ट परीक्षा 2024 का आयोजित किया गया। जिसमें संकुल आश्रित एवं निकट के विद्यालयों के बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। बच्चे प्री टेस्ट दिलाकर उत्साहित नजर आए। उक्त परीक्षा के लिए प्रश्न पुस्तिका एवं ओएमआर शीट शिक्षक विनय कुमार यादव द्वारा तैयार किया गया। संकुल स्तरीय नवोदय प्री टेस्ट परीक्षा के सफल संचालन में शिक्षक फागू लाल पटेल, धर्मेंद्र ध्रुव, देव कुमार चंद्राकर, मोहम्मद शाहिद कुरैशी, मोहित चंद्राकर, शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## प्रवासी भारतीय दिवस पर उपसरपंच का सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में प्रवासी भारतीय दिवस पर उपसरपंच हेमलता चंद्राकर का सम्मान किया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करने के लिए हर साल 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है। इस दिन महात्मा गांधी ने 9 जनवरी 1915 में दक्षिण और अफ्रीका से भारत लौटे थे।

## साक्षरता, पौधरोपण एवं साफ-सफाई के लिए किया जागरूक

**महासमुंद।** श्याम बालाजी महाविद्यालय / श्याम उच्च माध्यमिक विद्यालय का ग्राम कौंदकेरा में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित की जा रही है। शिविर के तीसरे दिवस स्वयं सेवकों द्वारा प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें साक्षरता, वृक्षारोपण एवं साफ सफाई के लिए लोगों को जागरूक किया गया। पश्चात मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए योग एवं शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। दोपहर में बौद्धिक परिचर्चा हुई। इसमें में नवकिरण अकादमी के समन्वयक ईश्वर चंद्राकर ने युवा खेल शक्ति पर अपने विचार रखे। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिए। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने देशी खेल का आयोजन कराया गया। तत्पश्चात ग्रामवासियों के समक्ष नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई।

## छात्रों ने किया खुंटाघाट जलाशय व रतनपुर का शैक्षणिक भ्रमण

**सरायपाली।** रामचंडी महाविद्यालय बगईजोर के नेतृत्व में विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को प्राचीन खूंटाघाट जलाशय एवं छत्तीसगढ़ के पुरातात्विक महामाया मंदिर रतनपुर का भ्रमण कराया गया। छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ के प्राचीन एवं धार्मिक स्थलों की जानकारी प्रदान की गई व छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक धरोहर को जानकर छात्र-छात्राओं गौरवान्वित महसूस किए। जिसमें विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शबनम खातून, प्रवेश प्रधान , भरत प्रधान, नीलिमा प्रधान, अजय साहू एवं सागर वर्मा (रसायनशास्त्र) के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण किया।

## नगर में सर्व समाज समन्वय महासभा का सम्मेलन आज

**महासमुंद।** सर्व समाज समन्वय महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा 10 जनवरी को छत्तीसगढ़ प्रांत सर्व समाज महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। उक्त महासम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य नई सरकार अपेक्षाएं एवं विकास कार्यों पर परिचर्चा आयोजित होगी। जिसमें सभी समाजों के प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष विचार रखेंगे। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजीव कर्माकर ने बताया कि सम्मेलन के माध्यम से समाज प्रमुखों के विचारों पर चिंतन एवं मंथन से जो सारगर्भित बातें आएगी, उसे प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री छग सरकार को प्रेषित की जाएगी। ताकि, उन्हें सामाजिक आवश्यकताओं के लिए दिशा निर्देश एवं सुझाव प्राप्त हो सके एवं सामाजिक आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को परिणित किया जा सके।

# स्कूलों में परीक्षा का दौर शुरू लेकिन पढ़ाई जगह अब भी चल रहा मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों को मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया गया। जिसमें स्कूल सत्र प्रारंभ में जून से यह कार्य प्रारंभ हुआ है। जो लगातार चल रहा है और अब परीक्षा का समय है फिर भी स्कूलों में मरम्मत का कार्य चल रहा है। समझ नहीं आ रहा है की पढ़ाई कब होगी ? अब मुख्य बात स्कूलों को मरम्मत करना रह गया है या कहे कि इस सत्र को स्कूल में मरम्मत का है तब भी कोई ताज्जुब की बात नहीं होगी, कहीं पर अभी अतिरिक्त कक्षा में, कहीं पर दो शिफ्ट में, कहीं पर प्राथमिक शाला में आठ कक्षा है, इस अंदाज लगाया जा सकता है की पढ़ाई का क्या स्तर होगा और क्या पढ़ते होंगे? इसके पहले भी लगातार चुनाव के कारण एक महीना पढ़ाई प्रभावित रहा, फिर से शीतकालीन अवकाश के पश्चात अब खुला तो मरम्मत सरकारी चल रहे हैं। अधिकारी से स्कूलों में ठेकेदार के हिसाब से अधिकारियों ने एस्टीमेट बनाया है जहां पर टाइल्स, पोताई और बिजली फिटिंग के कार्य को लिया गया है, जबकि स्कूल मरम्मत का सही था कि स्कूल पढ़ाई के लायक हो, किंतु ठेकेदारों ने एवं अधिकारियों नहीं से कमाई का जरिया बनाते हुए ऐसे स्कूलों का चयन किया है। जहां पर सब ठीक होने के बावजूद भी टाइल्स का काम, पुताई का काम और बिजली फिटिंग का कार्य कर रहा है। यह कार्य लगभग एक सप्ताह से चल रहा है।

### टाइल्स, पोताई और बिजली फिटिंग का कार्य जारी

**मरम्मत का कार्य पूर्णता की ओर**

इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत का कार्य दो चरणों में स्वीकृत हुआ था। प्रथम चरण का मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है। द्वितीय चरण का मरम्मत का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। इस महीने में लगभग सभी कार्य पूर्ण हो जाएंगे, वहीं स्कूल विभाग के अधिकारी कहते हैं कि मरम्मत का कार्य चल रहा है। इस समय स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि या तो दो शिफ्ट या तो आसपास के भवनों पर विकल्प के तौर पर उपयोग करें।



**प्राथमिक में 83 व माध्यमिक शाला में 61 बच्चे अध्यनरत**

माध्यमिक शाला अमलोर में टाइल्स, पोताई, बिजली फिटिंग का कार्य अभी चल रहा है और यहां के माध्यमिक शाला प्राथमिक शाला के अतिरिक्त पक्ष और अन्य जगहों पर संचालन हो रहा है। दोनों स्कूलों के दर्ज संख्या प्राथमिक शाला में 83 व माध्यमिक शाला में 61 बच्चे अध्यनरत है। अब अंदाज लगाया कि इन सबको एक साथ अगर प्राथमिक शाला में पढ़ाया जाए तो औपचारिकता हो रही है की पढ़ाई हो रही है और सबसे महत्वपूर्ण बातें है कि जनवरी के पश्चात लगभग परीक्षा का दौर चालू हो जाता है यह सत्र स्कूल प्रारंभ से परीक्षा तक सिर्फ मरम्मत का है पढ़ाई तो सिर्फ मात्र बहाना रह गया है।

### विड़ंबना : कई इलाकों में बिजली, सड़क व स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

# गरियाबंद जिले में 11 साल में बदल गए 11 कलेक्टर पर नहीं बदली सड़कों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ ग्रामीण झरिया खोदकर पानी पीने को मजबूर

जिलावासियो के लंबें संघर्ष के बाद भाजपा के डॉ. रमन सिंह सरकार द्वारा 2012 गरियाबंद को जिला की सौगात मिला है। गरियाबंद को जिले की सौगात मिलने से खासकर आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर ब्लॉक के लोगों को विकास को लेकर भारी उम्मीद देखने को मिल रहा था लेकिन पिछले 11 वर्षों में जिले के भीतर 11 कलेक्टर बदले गये इसके बावजूद छोटे जिला होने के साथ मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के लोगों को जो सुविधाएं मिलना चाहिए आज तक नहीं मिल पाया। 11 जनवरी को गरियाबंद जिले का स्थापना दिवस है और जिला 12 वां वर्ष में प्रवेश करेगा साथ ही छत्तीसगढ में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनते ही जिले में नये कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने पदभार ग्रहण किया है।यह क्षेत्र विकास के दृष्टि से पिछड़ा हुआ है, जिसके चलते दर्जनों ग्राम जो पहाड़ी के ऊपर बसा हुआ है, उन ग्रामों में पहुंचने के लिए आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया जा सका है। मैनपुर विकासखण्ड के दुरस्थ वनांचल पहाड़ी पर बसे ग्राम ताराझर, कुर्वापानी, मटाल, नारीपानी, भालूडिग्गी, अमली जैसे गांवो में आज तक पीने के पानी की व्यवस्था शासन प्रशासन नहीं कर पाई है। यहां के ग्रामीण झरिया खोदकर पानी पीने को मजबूर हो रहे है और तो और इन ग्रामो में बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे सुविधा का अभाव है, वहीं मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के 50 से ज्यादा पाराटोला गांव में आज तक बिजली की रौशनी नहीं पहुंची है। जहां सौर उर्जा के माध्यम से बिजली की व्यवस्था की गई है। लेकिन बैटरी व अन्य तकनीकी खराबी के कारण महज दो तीन घंटा जलने के बाद रातभर लोगों को अंधेरा में जीवन गुजारना पड़ता है। आज भी इस क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में एक शिक्षक के भरोसे पढ़ाई किया जा रहा है शिक्षा व्यवस्था की हालत बेहद खराब है, स्वास्थ्य सुविधा भगवान भरोसे संचालित हो रहा है मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दुरस्थ वनांचल के लोग ओडिसा ईलाज कराने जाने को मजबूर होते है।

**नए कलेक्टर से लोगों को विकास की उम्मीद**



जिले के नये कलेक्टर दीपक अग्रवाल के पदभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य शिक्षा, सडक, बिजली, पुल, पुलिया, पेयजल जैसे मूलभूत समस्याओं के समाधान और विकास को लेकर उम्मीद की किरण जगी हुई है।



**निर्माण कार्यों की नहीं होती मॉनीटीरिंग**

क्षेत्र में कई विभागों के द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्यों की स्थिति बेहद ही खराब है। जिसके पीछे मॉनीटिरिंग नहीं होना बताया जाता है। क्योकि दुरस्थ वनांचल होने के कारण क्षेत्र में संबधित विभाग के आला अफसर बहुत ही कम पहुंचते है, जिसके कारण निर्माण एजेंसी मनमाने तरीके से कार्य को अंजाम देते हैं। आज भी दर्जनों स्कूल भवन वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है और इन निर्माण कार्यों की राशि आहरण किया जा चुका है, गांव में चल रहे निर्माण कार्य चाहे लोक निर्माण विभाग का हो या फिर नल जल योजना की उसकी गुणवत्ता को लेकर क्षेत्र की जनता हमेंशा शिकायत करते आ रहे है लेकिन शिकायतों पर कोई ठोस कार्यवाही नही होने के कारण सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ क्षेत्र के लोगो को नही मिल पाता।

# ग्राम जिडार में राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा 16 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जहुरिया बालिका कबड्डी क्लब के द्वारा ग्राम जिडार में 16 जनवरी दिन मंगलवार से दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का किया गया है। राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और बालिकाओं के द्वारा जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, सरपंच दुलेश्वरी नागेश, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील, गुंजेश कपील, नरेन्द्र सिन्हा, दामोदर नेगी व अन्य अतिथि शामिल होंगे। प्रथम पुरस्कार 11 हजार रूपये एंव शिल्ड, द्वितीय पुरस्कार 07 हजार रूपये एंव शिल्ड, तृतय पुरस्कार 04 हजार रूपये एंव शिल्ड, चतुर्थ पुरस्कार 02 हजार रूपये एंव शिल्ड के साथ कई पुरस्कार दिया जायेगा। जहुरिया कबड्डी क्लब के अध्यक्ष भागवती मरकाम, सचिव दुर्गा मरकाम, कोशाध्यक्ष गायत्री ठाकुर ने बताया कि ग्राम जिडार में राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है खिलाडियों के लिए आवास व खाने की सुविधा भी है, इस कबड्डी प्रतियोगिता के सदस्य मोनिका मरकाम, खिले"वरी मरकाम, पायल मरकाम, टीना सेन, निकिता मरकाम, दिने"वरी मरकाम, बुध्दे"वरी नागेश, रूध्दे"वरी नागेश, नुतन नागेश, छत्तेश्वरी यादव, परमेश्वरी कपील, हनीता सोनवानी, हेमा विश्वकर्मा, भारती मरकाम, द्विप्ती नागेश एंव समस्त ग्रामवासियों द्वारा जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है।

## मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला में मितानिनों को दिया गया प्रशिक्षण



मैनपुर। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत परिवार संवर्धन सह तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मैनपुर विकासखण्ड के 25 मितानिन बहनों ने शामिल होकर कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## संकुल समन्वयकों को दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखण्ड स्तरीय संकुल समन्वयकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण ग्राम भाठीगढ में आयोजित किया गया। जिसमें विकासखण्ड के 39 संकुल समन्वयक 01–01 शिक्षिक शिक्षिका प्रशिक्षण में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बीआरसीसी मैनपुर एसके नागे एंव सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी यशवंत बघेल द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजा -अर्चना कर किया गया। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर श्रीमती नीरा ध्रुव, मंजू वर्मा द्वारा अगना में शिक्षा कार्य को विस्तार पूर्वक बताया गया।



## अक्षत को प्रत्येक घर में किया गया वितरित

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम जरगांव में सोमवार को अयोध्या से प्राप्त हुए अक्षत पुष्प का बड़े सम्मान के साथ बाजे -गाजे के साथ प्रत्येक घरों में वितरित किया गया। सर्वप्रथम श्रीराम जय राम का मंत्र भजन कीर्तन से शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मण्डल प्रभारी छत्तर सिंह ठाकुर के द्वारा अक्षत कलश की महत्ता के बारे में बताया गया कलश यात्रा को संयोजक कन्हैयालाल यादव ने भी सम्बोधित किया। वहीं सभी अतिथियों का स्वागत पीला चावल तथा बैच लगाकर किया गया। भगवा गमझा भेंट किया गया। समस्त महिलाएं पीला वस्त्र धारण कर गली - मुहल्ले में जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए झण्डा पकड़े चल रहे थे। देर रात तक पूजित निमंत्रण का वितरण चलता रहा। ग्राम के श्रद्धालुओं के द्वारा भोजन भण्डारा की भी व्यवस्था की गई थी। एक साथ समूह में सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। गांव गांव में काफी हर्ष का माहौल था। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तर सिंह ठाकुर, कन्हैयालाल यादव, राधेलाल साहू संयोजक प्रेमनारायण ध्रुव, बाबूलाल ध्रुव, ड्रेस पटेल, हीरा सिंह ध्रुव, लोकनाथ साहू, विनोद कुमार साहू, तिलक ध्रुव,मदन ध्रुव, रामाधार साहू, बली राम, पुरुषोत्तम ,मंगली पटेल, कन्हैया मिश्रा, तुलस ध्रुव, धनेश्वर यादव, सुन्दर ध्रुव, राज साहू, द्रोपदी साहू तिरीथ ध्रुव, नरोत्तम ध्रुव, शंकर, रुपसिंह, सरपंच नीलम ध्रुव, खिलेश्वरी ध्रुव जनपद सदस्यआदि उपस्थित थे।

# अयोध्या से आए अक्षत का घर-घर वितरण, गांव में उत्साह का माहौल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में महिला मंडल एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा घर- घर चावल वितरण किया जा रहा है, महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन करते हुए अयोध्या से आए चावल का वितरण कर रहे हैं, लोग श्रीफल भेंट कर श्रद्धा भाव से अपने आंचल,थाली एवं नए बर्तन में अक्षत ले रहे हैं एवं अपने सिर पर कलश को रखकर अगले घर तक छोड़ रहे हैं। नगर का पूरा वातावरण राम में हो गया है, युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा मुख्य मार्ग में भगवा ध्वज,तोरण लगाया जा रहा है, अक्षत वितरण नगर में लगभग पूर्ण हो गया है। अब आसपास के गांव में चल रहा है, नगर के उज्जवल जैन, मेश नंदन पांडे, शीतल ध्रुव, नरेंद्र पटेल ने बताया कि वितरण में महिलाओं का विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग अपने-अपने हिसाब से कार्यक्रम में पर चढ़कर भाग ले रहे हैं।

### ग्राम पंचायत भरुवामुड़ा में विशेष शिविर का हुआ आयोजन

# शिविर में विशेष पिछड़ी जनजातियों को मिलेगा केंद्र की योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ देने विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। पीएम जनमन योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में अंतर को समाप्त कर पीवीटीजी सदस्यों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। साथ ही विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) समुदायों, परिवारों एवं बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं से संतृप्त किया जाना है। जिस हेतु 9 मंत्रालयों, विभागों की मौजूदा योजनाओं के साथ 11 बिन्दुओं को शामिल किया गया है। पीएम-जनमन योजनांतर्गत गरियाबंद जिले के 199 बसाहटों को चिन्हांकित कर प्रत्येक पीवीटीजी बसाहटों में सभी शासकीय विभागों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशा अनुरूप प्रत्येक पीवीटीजी परिवार को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, पीएम-किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, हर घर नल, विद्युतिकरण, सड़क, वन अधिकार पट्टा, पीएम - मातृत्व वंदना योजना, पीएम-कौशल विकास योजना, पीएम-विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि से लाभान्वित किये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है।





**योजनाओं का लाभ लेने शिविर में पहुंचे लोग**

जो कि चिन्हांकित 199 पीवीटीजी बसाहटों में जारी रहेगा। इसी क्रम में ग्राम पंचायत भरुवामुड़ा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें क्षेत्र के विशेष पिछड़ी जनजातियों के लोग काफी संख्या में शिविर में पहुंचे साथ ही विभागीय अधिकारियों के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

